आज दस मुहर्रम जुमा का दिन है। फज्र की नमाज़ इमाम की इक़्तिदा में जांनिसारों ने अदा की। नमाज़ के फारिग़ होकर इमाम हुसैन ख़ेमा में आए। हज़रत इमाम आली मक़ाम علی جدہ علیہ السلام ने देखा कि यह लोग किसी मुसालहत पर तैयार नहीं और न ही मुल्क छोड़ देने पर उन्हें तसल्ली होती है। यह लोग सिर्फ ख़ून के प्यासे हैं और जंग के ख़्वाहां हैं। अब किसी तरह जंग को टालने की कोई सूरत नहीं। नाचार हज़रत इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ ने अपने ख़ेमे के इरद गिरद ख़न्दक़ खोदने का हुक्म फरमाया। ख़न्दक़ खोदी गई, उसकी सिर्फ एक राह रखी गई जहां से निकल कर दुश्मनों से मुक़ाबला किया जाए और उस ख़न्दक़ में आग जला दी गई ताकि अहले ख़ेमा दुश्मनों की ईज़ा से महफूज़ रहें।

इस काररवाई के बाद हज़रत इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ मैदाने कारज़ार में तशरीफ लाए और यज़ीदियों से ख़िताब फरमाया, जिसमें यज़ीदियों के सामने अपने फज़्लो-कमाल और आक़ा व मौला ﷺ से अपनी निस्बत, क़ाबत, शफक़त और मुहब्बत को बयान फरमाया और इरशाद फरमाया कि ''ख़ूने नाहक़ से बाज़ रहो, अगर तुम अपने शहर मेरा आना नहीं चाहते तो मुझे वापस तो जाने दो'' लेकिन इस गुफ्तगू का कोई असर उन यज़ीदियों पर न हुआ और उस खुत्बे के जवाब में उन बदबख़्तों ने यह कहा कि यह सब हमको मालूम है लेकिन हमें इन सबसे मतलब नहीं, या तो आप यज़ीद की बैअ़त क़बूल कीजिये या जंग के लिये आप किसी को मैदान में भेजे।

आग़ाज़े जंग से क़ब्ल मैदाने करबला में इमाम की करामत का ज़ुहूर

अभी इमाम ख़िताब से फारिग़ हुए थे और यज़ीदियों का गुस्ताख़ाना जवाब सुना था कि इसी दौरान एक बदबख़्त मालिक बिन उरवा नामी घोड़े पर सवार आगे आया, उसने हुसैनी ख़ेमे के इरद गिरद ख़न्दक़ की आग की

क़ासिद के ज़रिये से इमाम हुसैन के नाम यह पैग़ाम भेजा कि हुसैन यज़ीद की बैअ़त क़बूल कर लें लेकिन इमाम ने फरमाया क मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं। यह सुनकर इब्ने ज़ियाद तैश में आ गया और उसने फौरन ही अम्र बिन सअ़द को उसकी सिपह सालारी में मज़ीद फौजी दस्ता देकर करबला भेजा और उसके पीछे शिमर जुलजोशन मर्दूद को भी लश्करे कसीर देकर रवाना किया। यह दोनों अहले बैत रसूल के जानी दुश्मन थे। अम्र इब्ने सअ़द 3 मुहर्रम को करबला पहुंचा और उसने फुरात के किनारे पड़ाव डाला। हज़रत इमाम आली मक़ाम की अज़ीमुश्शन शख़्सियत सामने थी, आपसे मुक़बाला की जुर्अत न कर सका लेकिन जब उसे पता चला कि इब्ने ज़ियाद ने उसके पीछे शिमर ज़िलजोशन को एक जत्था सिपाह के साथ भेजा है तो यह सोच कर कि कही शिमर हज़रत इमाम हुसैन से मुक़ाबला करके हुकूमत के इनाम व इकराम का मुस्तहिक़ न हो जाए और यह महरूम रहे। चुनांचे हुकूमत के लालच और जाहो-मंसब की तलब में अंधा होकर इमाम आली मक़ाम رضی اللہ عنہ से मुक़ाबला शुरू किया।

7 मुहर्रम को अहले बैत पर पानी बन्द

अम्र बिन सअद एक बार फिर सख़्ती से यज़ीद की बैअ़त का तालिब हुआ लेकिन इमाम आली मक़ाम की तरफ से ख़ामोशी देख कर उसने पहले यह तजवीज़ पास किया कि इमाम हुसैन और उनके साथियों पर फुरात का पानी बन्द कर दिया जाए। चुनांचे उसने सिपाह भेज कर फुरात पर पहरे बिठा दिया। यह इस लिये किया ताकि करबला में तपते हुए सेहरा में अहले बैते रसूल प्यास की शिद्दत से तड़प-तड़प कर या तो मर जाएं या शिद्दते प्यास से मजबूर होकर जुल्मो-सितम और फिस्क़ो-फुजूर पर क़ायम यज़ीद की बादशाहत क़बूल करके उसकी बैअ़त से राज़ी हो जाएं। 7 मुहर्रमुल हराम पर फुरात पर पाबंदी लगाई गई, शबाना रोज़ तीन दिन तक फुरात पर यह पहरे रहे और एक बूंद पानी भी ख़ेमा हुसैनी तक नहीं पहुंचा। अहले बैते रसूल जिन में बच्चे भी थे, बच्चियां भी, मर्द भी थे और ख़्वातीन भी, सब भी तीन दिन तक बेआबो-दाना रहे। धूप की शिद्दत, गरमी हिद्दत उसपर

से करबला की रेतीली ज़मीन। ऐसे हालात में अहले ख़ेमा का प्यास से क्या हाल हुआ होगा लेकिन क़ुर्बान जाइये तिश्ना लब ख़ानदाने रिसालत के सब्रो-रज़ा और ईसारो-क़ुर्बानी पर कि उन्होंने मसाइब व आलाम का ऐसा बोझ भी ख़न्दा पेशानी से बरदाशत किया कि अगर वह बोझ पहाड़ पर डाल दिया जाता तो वह भी दब जाता लेकिन सलाम ऐ चमनिस्ताने फातिमा पर जान निछावर करने वालों को कि आप सब ने अपने इमाम की क़ियादत में सारे मसाइब बरदाशत किये लेकिन यज़ीद के फिस्क़ो-फुजूर के सामने सर नहीं झुकाया और बातिल से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया। (तारीख़े तबरी)

मर्दे हक़ बातिल से हर्गिज़ ख़ौफ खा सकता नहीं
सर कटा सकता है लेकिन सर झुका सकता
न ह ी

इमाम हुसैन को आक़ा ﷺ की ज़ियारत

9 मुहर्रम बाद नमाज़े अस्र इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ मुराक़बा में थे कि अचानक आंख लग गई, ख़्वाब में मुस्तफा जाने रहमत ﷺ की ज़ियारत हुई, ख़्वाब से बेदार हुए तो अपने ख़ेमे में बहन ज़ैनब को पाया, बीबी ज़ैनब से फरमायाः बहने ज़ैनब अभी अभी मैंने नाना जान ﷺ की ज़ियारत की है। नाना जान ने फरमाया है कि बेटा हुसैन तुम हमारे पास आने वाले हो। यह सुन कर बीबी ज़ैनब पर कोहे ग़म टूट पड़ा, अर्ज़ करती हैं, मेरे अज़ीज़ भाई हुसैन! आप हमको इस दियारे ग़ैर में छोड़ कर जाने वाले हैं, आपकी शहादत होने वाली है, आप हम से रुख़्सत होने वाले हैं। हज़रत इमाम हुसैन ने बहन ज़ैनब को संभलते और तसल्ली देते हुए फरमायाः मेरी प्यारी बहन ज़ैनब! शहादत तो हमारा मुक़द्दर है। बहन मेरे बाद तुम ही कारवाने अहले बैत की मीरे कारवां हो, कल सब्र से काम लेना। अल्लाह हमारा नासिर व मददगार और हक़ीक़ी मुस्तआ़न है। इसके बाद दोनों भाई बहन अशकबार आंखों के साथ मसरूफे इबादत हो गए।

रज़्म का मैदां बना है जल्वगाहे हुस्नो-इश्क़

और इन तमाम शहीदों के सर तन से जुदा करके नेज़ों पर चढ़ा कर इन मुक़द्दस सरों को कूफ़ा की गली कूचों फिरा कर अपनी बेरहमी, संगदिली और इस्लाम दुश्मनी का ऐलान किया। यह वाक़िआ 3 ज़िल्हिज्जा 60 हिजरी में वाक़े हुआ। इस राहे ख़ुदा में कुर्बान होने वाले हज़रत इमाम आली मक़ाम के सबसे पहले जांनिसारों में यही चार हज़रात हैं। इन मुक़द्दस हज़ारत की शहादत दास्ताने करबला का पहला बाब है। (मुलख़्ख़सन सवानेहे करबला)

हज़रत इमाम हुसैन मअ़ अहलो-अयाल कूफ़ा रवाना

इमरम मुस्लिम ने जो ख़त हज़रत इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ को भेजा था वह ख़त मिलते ही इमाम हुसैन ने अहले ख़ाना, अज़ीज़ व अक़ारिब और ख़ुद्दाम व मवाली को हुक्म फरमाया कि कूफ़ा जाने की तैयारियां कर ली जाएं और बक़्रे ज़रूरत ज़ादे राह ले लिया जाए। तामीले हुक्म में सब तैयार हो गए, वक़्ते रुख़्सत नमनाक आंखों के साथ सबने तवाफे काबतुल्लाह किया। आज मौलूदे काबा का नूरे नज़र काबा का आख़िरी तवाफ कर रहा है। यह क़ाफिला कुल 72 नुफूसे कुदसिया पर मुश्तमिल था। इमाम मुस्लिम अपने अहले बैत व अज़ीज़ व अक़ारिब और ख़ुद्दाम को लेकर ठीक उसी दिन 3 ज़िल्हिज्जा 60 हिजरी को मक्का मुकर्रमा से कूफ़ा के लिये रवाना हुए जिस दिन इमाम मुस्लिम और उनके बच्चों को यज़ीदियों ने शहीद किया था। राह मे आपको इमाम मुस्लिम और उनके दोनों शहज़ादों की शहादत की रूह फरसा ख़बर मौसूल हुई। और कूफियों की नामर्दी और दग़बाज़ी की दास्तान भी मालूम हुई। इमाम हुसैन ने अहले क़ाफिला से मशवरा किया, बाज़ ने वापस होने का मशवरा दिया। आख़िर यही तेय हुआ कि सफर जारी रखा जाए। चुनांचे अहले बैत का यह नूरानी क़ाफिला 1/मुहर्रमुल हराम को कूफ़ा के हिसार में पहुंच गया, अभी कूफ़ा 2 मील के फासिले पर था कि हुर बिन यज़ीद रियाली एक हज़ार हथियार बन्द सवार के साथ हुसैनी क़ाफिला से मिला। हुर ने हज़रत इमाम की ख़िदमत में अर्ज़ किया कि हमें इब्ने ज़ियाद ने भेजा है कि इमाम हुसैन राह में जहां मिलें उन्हें मेरे पास ले आओ। इमाम आली मक़ाम ने फरमाया कि हम यहां अज़ ख़ुद नहीं आए हैं बल्कि

कूफ़ा वालों के पैहम इस्रार और बार-बार की दावत पर हाज़िर हुए हैं। अगर अहले कूफ़ा अपने अहदो-पैमान पर क़ायम रहें तो हम कूफ़ा में दाख़िल हों, वरना यहीं से वापस चले जाते हैं। हुर ने कहा कि ख़ुदा की क़सम हमें कुछ नहीं पता कि अहले कूफ़ा ने आपको दरख़्वास्तें देकर बुलाया है और न मैं आपको छोड़ सकता हूं और न वापस हो सकता हूं। जब हुर ने देखा कि इमाम आली मक़ाम इब्ने ज़ियाद के पास जाने के लिये राज़ी नहीं तो उसने कहा कि आप कूफ़ा जाने के लिये राज़ी नहीं हैं तो जब तक मैं इब्ने ज़ियाद की राय न मालूम कर लूं आप ऐसा रास्ता इख़्तियार करें जो न कूफ़ा की तरफ जाता हो और न मदीना की तरफ। इमाम ने इस बात को क़बूल फरमाया और इमाम ने हुक्म दिया कि कूफ़ा की राह से हट कर किसी दूसरे रास्ते को इख़्तियार किया जाए। (तारीख़े तबरी)

2 मुहर्रमुल हराम को अहले बैत का क़ाफिला करबला में

दूसरी राह इख़्तियार की गई, क़ाफिला चलने लगा, पीछ-पीछे हुर भी अपने लश्करी के साथ था। एक मक़ाम पर पहुंच कर हज़रत इमाम आली मक़ाम ने दरियाफ्त फरमाया कि यह कौन सी जगह है? अर्ज़ किया गया कि यह ज़मीने करबला है। यह सुनते ही हज़रत इमाम आली मक़ाम के ज़ेहन में अपनी शहादत से मुतअल्लिक़ नाना जान की पेशीन गोई गरदिश करने लगली। हज़रत इमाम आली मक़ाम ने फरमायाः यह करबला है जो मक़ामे करब व बला है, यही हमारे ऊंटों के बैठने की जगह है, यहीं हमारे माल व अस्बाब उतरेंगे और इसी मक़ाम पर हमारे साथी क़त्ल किये जाएंगो'' हज़रत इमाम आली मक़ाम घोड़े से नीचे उत आए। हुक्म पाकर ख़ादिमाने अहले बैत ने ख़ीमा नसब फरमाया। हुर भी अपने साथियों के साथ ख़ेमा-ज़न हो गया। यह मुहर्रमुल हराम की दूसरी तारीख़ जुमेरात का दिना था।

(सवानेहे करबला)

यज़ीदी फौज को लेकर अम्र इब्ने सअ़द का करबला आना

इधर बदन निहाद व बद अंजाम इब्ने ज़ियाद को ख़बर मिल चुकी थी कि इमाम आली मक़ाम कूफ़ा के हिसार में वारिद हो चुके हैं। उसने एक

रिश्तेदारों को घर वापस होने पर मजबूर करें ताकि मुस्लिम की जमाअ़त मुन्तशिर हो जाए। उसका यह दांव कारगर साबित हुआ और उन महसूरीन ने दीवारे क़िला पर खड़े होकर अपने लवाहिक़ीन से बात की और अपनी जान का हवाला देकर उन्हें हज़रत इमाम मुस्लिम का साथ छोड़ देने और घर वापस हो जाने पर मजबूर किया। तक़रीबन 150 ख़ुतूत में अपने तन मन धन निसार करने की तमन्ना ज़ाहिर करके बुलाने वाले कूफियों ने आज जान पर बनी तो नामर्दी दिखा दी और तमाम कूफी जो जज़्बए इन्तिक़ाम में इमाम मुस्लिम के ज़ेरे साया खड़े थे, आहिस्ता-आहिस्ता एक-एक करके वापस हो गए और मैदना में तन्हा मुसाफिर अहले बैत इमाम मुस्लिम رضی اللہ रह गए। मोवर्रिख़ीन लिखते हैं कि उस रोज़ जब इमाम मुस्लिम ने नमाज़े मग़रिब बाजमाअ़त शुरू की तो आपके पीछे पांच सौ कूफी थे लेकिन जब नमाज़ से फारिग़ हुए तो एक शख़्स भी मौजूद न था। कूफा वालों ने जिसके हाथ पर ख़ुदा व रसूल को गवाह बना कर बैअ़त किया था और जिसे हज़ारहा मन्नत व समाजत करके बुलाया था, आज मुश्किल घड़ी में उसे छोड़ कर रफू चक्कर हुए। दुनिया में जब कभी बुज़दिलों और नामर्दों की फेहरिस्त मुरत्तब की जाएगी उसमें कूफियों का नाम सरे फहरिस्त होगा।

(मुलख़्ख़सन सवानेहे करबला)

2 ज़िल्हिज्जा को इमाम मुस्लिम की शहादत

इमाम मुस्लिम ने जब कूफियों का यह चेहरा देखा तो अफ्सुर्दा हुए। कूफा बुलाने वाले तमाम मेज़बानों ने अपने-अपने घर का दरवाज़ा बन्द कर दिया है, सुबह से आप बेआबो-दाना हैं, साथ में दो छोटे-छोटे साबिर व शाकिर बच्चे भी भूके प्यासे हैं। लेकिन उन्हें अपनी जान से ज़्यादा इस बात ने बेचैन व बेक़रार कर दिया कि मैंने हज़रत इमाम आली मक़ाम को ख़त में यहां के हालात साज़गार लिखे हैं और उन्हें यहां आने के लिये अर्ज़ किया है, बिला शुब्हा मेरी अरज़ी पर इमाम हुसैन यहां के लिये मक्का से रवाना हो चुके होंगे। बेचैनी और बेक़रारी के इसी आलम में थे कि तौआ़ नामी एक औरत ने आपको पहचान कर अपने घर में पनाह दी। इब्ने ज़ियाद को

इस की ख़बर पहुंची तो उसने अम्र बिन हुरैस और मुहम्मद बिन अशअ़स को एक फौजी दस्ता के साथ तौआ़ के घर इमाम की गिरफतारी के लिये भेजा, इन दोनों ने एक जमाअ़त सिपाह के साथ तौआ़ के घर का मुहासरा कर लिया और चाहा कि इमाम मुस्लिम को गिरफतार कर लें। नाचार हज़रत इमाम मुस्लिम तलवार मियान से निकाल कर बाहर तशरीफ लाए और मुक़ाबला शुरू किया आपने इस शिद्दत से तेग़ज़नी की कि बहुत से यज़ीदी शदीद ज़ख़्मी हो गए जिसके सबब से उन यज़ीदियों की हिम्मत पस्त हुई और सिपाही पीछे हटने लगे। यह देख कर कि हाशिमी ख़ानदान के इस शेरे बबर से मुक़ाबला ना मुमकिन है। इब्ने अशअ़स और अम्र बिन हुरैस ने मक्कारी से काम लिया और यह दोनों एलान करने लगे कि हज़रत मुस्लिम हम आपको क़त्ल करने नहीं आए हैं, हमारा मक़्सद तो बस इतना है कि आप इब्ने ज़ियाद के पास चल कर उससे बात चीत के ज़रिये मुसालिहत कर लें। यह सुन इमाम मुस्लिम ने फरमाया कि हम भी ख़ूंरेज़ी नहीं चाहते। चुनांचे यह लोग हज़रत इमाम मुस्लिम और उनके दोनों बच्चों को साथ लेकर इब्ने ज़ियाद की तरफ रवाना हुए। इन बदबख़्तों ने अपने सिपाह में से चन्द लोगों को पहले ही क़िला की तरफ भेज दिया और उन्हें इस बात का हुक्म दिया कि वह दरवाज़े के पहलू में अन्दर की जानिब तलवार लेकर छुपे रहें और जैसे ही इमाम मुस्लिम दाख़िल हों तो दोनों तरफ से उनपर हमला शुरू कर दिया जाए। अल-ग़रज़ इमाम मुस्लिम जैसे ही दरवाज़े से क़िला के अन्दर दाख़िल हुए, दरवाज़े की ओट में छुपे हुए तेग़ज़नों ने दोनों तरफ से हमला कर दिया, इस तरह धोके से अहले बैत का मज़लूम मुसाफिर शहीद कर दिया गया। *इन्ना लिल्लाहि व इन्न इलैहि राजिऊ़न*।

हज़रत मुस्लिम رضی اللہ عنہ के दोनों बच्चे मुहम्मद व इब्राहीम साथ थे, वाजिद माजिद का जिस्मे नाज़नीन ख़ून से लत-पत देख कर तड़प गए। फूट-फूट कर रोने लगे। इन सितमगारों ने इन छोटे और प्यारे से बच्चों पर भी रहम नहीं किया और इन दोनों को भी तेग़े ज़ुल्म से शहीद कर दिया। फिर मुहिब्बे अहले हज़रत हानी बिन उरवा को क़त्ल करके सूली पर चढ़ाया

ठंडक और दिल को तस्कीन पहुंचाई। बैअ़त का सिलसिला ऐसा दराज़ हुआ कि एक दिन में बारह हज़ार से ज़्यादा तादाद में लोगों ने आपके दस्ते हक़ परस्त पर हज़रत इमाम हुसैन की बैअ़त की।

हज़रत इमाम मुस्लिम ने जब अहले कूफा की इस दर्जा अ़क़ीदत व मुहब्बत और उन में ऐसे जोश व ख़रोश को मुलाहिज़ा फरमाया तो आपने अपने क़ाइद हज़रत इमाम आली मक़ाम सैयदना इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ को इस मफ्हूम का ख़त रवाना फरमा दिया कि ''सैयिदी व सनदी इमाम हुसैन! कूफा के हालात साज़गार हैं, अब तक बारह हज़ार से ज़्यादा लोगों ने आपकी बैअ़त मेरे हाथ पर की है। आप बिला तअम्मुल कूफा तशरीफ ले आएं।

(तारीख़े तबरी)

यज़ीद को कूफा के हालात की ख़बर

उस ज़माने में हुकूमते शाम की जानिब से कूफा के गवर्नर हज़रत नोमान बिन बशीर رضی اللہ عنہ थे। यह रसूलुल्लाह صلی اللہ علیہ وآلہ وسلم के सहाबी और मुहिब्बे अहले बैत थे। जब इमाम मुस्लिम के दस्ते मुबारक पर अहले कूफा हज़रत इमाम हुसैन की बैअ़त कर रहे थे तब अपने मंसब की वजह से उन्होंने अहले कूफा से बस इतना कहा कि ''यह बैअ़त यज़ीद की मरज़ी के ख़िलाफ है और वह इसपर बहुत ग़ज़बनाक होगा'' वह रस्मन इतना कह कर ख़ामोश हो बैठे और इस मामले में किसी तरह की मुदाख़िलत नहीं की और न ही यज़ीद को इससे बाख़बर किया। लेकिन मुस्लिम बिन यज़ीद हज़रमी और अम्मारा बिन उक़्बा जो कूफा में यज़ीद के हामी थे उन्होंने यज़ीद को इत्तिला दी कि मुस्लिम बिन अक़ील नाइब इमाम हुसैन की हैसियत से कूफा आए हुए हैं और अहले कूफा उनके हाथ पर इमाम हुसैन की बैअ़त कर रहे हैं। साथ ही कूफा के गवर्नर नोमान बिन बशीर की जानिब से ख़ामोशी और कोई काररवाई न करने की भी शिकायत की। यह ख़बर सुनते ही यज़ीद गुस्से से आग बगोला हो गया, फौरन उसने अब्दुल्लाह बिन ज़ियाद को कूफा का वाली मुन्तख़ब किया और उसे नोमान बिन बशीर

की माज़ूली का परवाना देकर कूफा भेजा। (तारीख़े तबरी)

इब्ने ज़ियाद का कूफा आकर फसाद मचाना

इब्ने ज़ियाद जो इन्तिहाई दर्जे का अ़य्यार व मक्कार और दग़ाबाज़ था वह भेस बदल कर रात के वक़्त कूफा में दाख़िल हुआ। रात गुज़ार कर सुबह को इब्ने ज़ियाद ने अहले कूफा को जमा किया, नोमान बिन बशीर की माज़ूली का परवाना पढ़कर सुनाया और अहले कूफा को यज़ीद की मुख़ालिफत से ख़ूब डराया धमकाया। उस वक़्त हज़रत इमाम मुस्लिम رضی اللہ عنہ हज़रत हानी बिन उरवा के घर में इक़ामत पज़ीर थे, इब्ने ज़ियाद को जब ख़बर हुई तो इब्ने ज़ियाद ने मुहम्मद बिन अशअस के साथ एक फौजी दस्ता भेज कर हानी को तलब किया। चुनांचे मुहम्मद बिन अशअ़स हानी को उनके घर से गिरफ्तार कर के इब्ने ज़ियाद के पास लाया। इनके अलावा शहर के दीगर रुअसा और अमाइदीन को भी इब्ने ज़ियाद के सिपाहियों ने गिरफ्तार करके क़िला-बन्द किया।

हज़रत हानी बिन उरवा एक आशिक़े सादिक़ और मुहिब्बे अहले बैत थे इसलिये जब उन्हें क़ैदी बना कर यज़ीदी ले गए तो हज़रत इमाम मुस्लिम सैफ बकफ मैदान में निकल आए, आपने अहले कूफा को आवाज़ दी, अहले कूफा एक आवाज़ पर तलवार के साथ जूक़ दर जूक़ अपने-अपने घरों से जज़्बए इन्तिक़ाम में निकल आए और देखते ही देखते चालीस हज़ार लोगों ने इमाम मुस्लिम की क़ियादत में क़िला का मुहासिरा कर लिया। बस इमाम मुस्लिम के एक इशारए अंगुश्त की ज़रूरत थी, चालीस हज़ार मुजाहिदीन का लश्कर सैलाब की तरह क़िला को बहा ले जाता और इब्ने ज़ियाद को शिकस्त खाकर रुस्वाई का सामना करना पड़ता। लेकिन इमाम मुस्लिम अपनी सुलह पसंद तबीअ़त के सबब इस इन्तिज़ार में रहे कि इब्ने ज़ियाद से गुफ्तो-शुनीद के ज़रिये सुलह की सूरत पैदा हो जाए ताकि मुसलमानों में ख़ूंरेज़ी न हो। इस वक़्फे का इब्ने ज़ियाद बद निहाद ने पूरा फायदा उठाया और जो रुअसा व अमाइदीने शहर उसके पास क़ैद थे उन्हें इस बात पर मजबूर किया कि वह इमाम मुस्लिम की जमाअत में मौजूद अपने-अपने

जिगर गोशए बतूल, नूरे नज़र अली मुरतज़ा इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ ने यज़ीद की बैअ़त से साफ इनकार कर दिया है और अजिल्ला हज़राते सहाबा मसलन हज़रत इब्ने उमर, हज़रत अब्दुल्लाह इब्ने ज़ुबैर भी बैअ़ते यज़ीद से मुन्किर हैं तो उन्होंने हज़रत इमाम हुसैन की ख़िदमत में ख़ुतूत भेजे जिसमें अपनी अक़ीदत व मुहब्बत और नियाज़मन्दी का वालिहाना इज़हार किया और तन मन घन सब कुछ निसार करने की तमन्ना ज़ाहिर की और इस तरह का मफ्हूम ख़त में लिखा कि ''हम यज़ीद जैसे फासिक़ व फाजिर की बैअ़त नहीं कर सकते। आप नवासए रसूल हैं, हम आपकी सरपरस्ती में ज़ुल्मो-सितम और फिस्क़ो-फुजूर के ख़िलाफ अलमे जिहाद उठाने को तैयार हैं। आप तशरीफ लाएं हम आपके दस्ते हक़ परस्त पर बैअ़त करके आपकी ख़िलाफत का इक़रार व ऐलान करेंगे। हम आपको दीन, तहफ्फुज़े दीन व शरीअ़त की दावत दे रहे हैं। फिर अगर आप तशरीफ नहीं लाए तो क़ियामत के दिन आपको जवाबदेह होना पड़ेगा। कूफा से मुतअ़द्दद वुफूद भी मक्का मुकर्रमा आए और बराहेरास्त शर्फे लिक़ा हासिल किया और दावत दी। कूफा के मुख़्तलिफ वुफूद की जानिब से आने वाले ख़ुतूत की तादाद तक़रीबन 150 थी। और इन तमाम ख़ुतूत में तहफ्फुज़े शरीअ़त का शदीद मुतालिबा किया गया था। इस शदीद मुतालिबे के बाद इमाम हुसैन जैसे हक़ परस्त से क्योंकर मुमकिन था कि वह अम्र-बिलमारूफ और नहीं अनिल-मुन्कर का फरीज़ा अंजाम नहीं देते और फिस्क़ो-फुजूर, ख़ुराफात व बिदअ़ात का फरोग़ होता देख कर भी ख़ामोश रहते। (सवानेहे करबला)

कूफा तशरीफ ले जाने का फैसला और अहबाब का मश्वरा

चुनांचे इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ ने ग़ौरो-फिकर करने के बाद कूफा तशरीफ ले जाने का फैसला फरमाया। हज़रत इब्ने अब्बास और हज़रत इब्ने ज़ुबैर वग़ैरा ने हज़रत इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ से अर्ज़ किया कि आप कूफा वालों की बातों पर यक़ीन न करें, कूफा वालों की बेवफाई और बदअहदी का पहले भी तजुर्बा हो चुका है, उन्होंने आपके वालिद माजिद हज़रत अली کرم اللہ وجہہ الکریم के साथ भी वफा नहीं किया था, लिहाज़ा आप वहां जाने का इरादा

तरक फरमा दें। मगर हज़रत इमाम आली मक़ाम ने फरमाया कि बिला शुब्हा आप हज़रत की राय में इख़्लास व मुहब्बत है लेकिन मेरे भाइयों! अब मुझ पर नाना जान के दीन की ख़ातिर, तहफ्फुज़े शरीअ़त की ख़ातिर, अम्र बिलमारूफ व नहीं अनिल मुन्कर की ख़ातिर अलमे जिहाद बुलन्द करना फर्ज़ हो चुका है। कूफा वाले वफा करें या दग़ा, मुझे इसकी फिकर नहीं है, फिकर तो इस बात की है कि अगर बरोज़े क़ियामत मुझसे यह सवाल किया गया कि हुसैन! जिस वक़्त फिस्क़ो-फुजूर को आम किया जा रहा था, ख़ुराफात और बिदअ़ात को फरोग़ दिया जा रहा था और क़ुरआन व हदीस के ख़िलाफ किया जा रहा था, उस वक़्त तुझे दावते हक़ दी गई तो उस पुर-फितन दौर में तू ने दावते हक़ क़बूल करके अम्र बिल मारूफ और नहीं अनिल मुन्कर का फरीज़ा क्यों अंजाम नहीं दिया? तो मैं क्या जवाब दूंगा। इसलिये मेरे अज़ीज़ो! कूफा वालों की जानिब से बद अहदी का तजुर्बा सही है, इसके बावजूद मुझे शरीअते इलाहिया के क़ियाम और तहफ्फुज़ के लिये जाना होगा। हां यह मुनासिब होगा कि जाने से क़बल अपने भाई मुस्लिम बिन अक़ील को हालात का जाइज़ा लेने भेजा जाए। (सवानेहे करबला)

इमामे मुस्लिम की कूफा आमद

हज़रत इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ ने अपने चचाज़ाद भाई हज़रत मुस्लिम बिन अक़ील رضی اللہ عنہ को बुला कर अपना नाइब बनाया और फरमायाः तुम कूफा का सफर करो और इस अम्र की तहक़ीक़ करो जिसके बारे में वह मुझे लिखते हैं। पस अगर यह बात सच है तो मैं उनकी जानिब सफर करूं।''

तामीले हुक्म इमामे हुसैन में हज़रत मुस्लिम رضی اللہ عنہ कूफा के लिये रवाना हुए। अपने हमराह अपने दोनों लख़्ते जिगर हज़रत मुहम्मद व हज़रत इब्राहीम को भी ले गए। हज़रत मुस्लिम कूफा पहुंचे और मुख़्तार बिन अबी उबैद के घर पर क़ियाम फरमाया। कूफा वालों को जब यह ख़बर पहुंची तो जूक़ दर जूक़ मुश्ताक़े ज़ियारत हाज़िरे ख़िदमत हुए और नाइब इमाम हुसैन हज़रत सैयदना मुस्लिम رضی اللہ عنہ के नूरानी चेहरे की ज़ियारत से आंखों को

अलहे मदीना से कहाः हम ऐसे शख़्स के पास से आए हैं जिसका कोई दीन नहीं, वह शराब पीता है, तंबूरे बजाता है, उसके पास गाने वाली औरतें नाचती हैं, वह कुत्तों से खेलता है और चोरों और छोकरों के साथ रात में क़िस्सा गोई करता है।'' (तारीख़े तबरी)

बैअ़ते यज़ीद का मुतालिबा और इमाम हुसैन का इनकार

फिस्क़ो-फुजूर का पैकर यज़ीद अपने बाप अमीर मुआ़विया के इन्तिक़ाल के बाद तख़्त नशीन हुआ और अपनी बैअ़त लेने के लिये अतराफ व जवानिब और ममालिक सलतनत में मक्तूब भेज। यज़ीद के लिये सबसे ज़रूरी था कि वह नवासए रसूल हज़रत इमाम हुसैन علی جدہ علیہ السلام की बैअ़त लेकर अपनी बादशाहत का जवाज़ फराहम करे। चुनांचे उसने तख़्त नशीनी के फौरन बाद मदीना के आमिल वलीद बिन उक़बा को अमीरे मुआ़विया की रिहलत की ख़बर भेजी और साथ ही यह हुक्म नामा भी भेजा कि हज़रत इमाम हुसैन, हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर, हज़रत अब्दुल्लाह बिन जुबैर से मेरे हक़ में बैअ़त लो और जब तक वह मेरी बैअ़त न करें उन्हें हरगिज़ न छोड़ना। (तारीख़ तबरी)

मदीना का आमिल हज़रत इमाम आली मक़ाम की ख़िदमते अक़्दस में हाज़िर होकर यज़ीद की बैअ़त तलब की। यज़ीद का फिस्क़ो-फुजूर किसी पर मख़्फ़ी न था। चुनांचे हज़रत इमाम हुसैन ने उसके फिस्क़ो-फुजूर के सबब उसको नाअहल क़रार दिया और बैअ़ते यज़ीद से साफ इनकार कर दिया। इसी तरह हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर, हज़रत अब्दुल्लाह बिन जुबैर ने भी बैअ़त से इनकार फरमाया।

मदीना मुनव्वरा से हिजरत

हज़रत इमाम आली मक़ाम علی جدہ علیہ السلام यज़ीद पलीद की शरीर तबीअ़त से अच्छी तरह वाक़िफ थे, वह जानते थे कि बैअ़त से इनकार के सबब

यज़ीद जान का दुश्मन और ख़ून का प्यासा हो जाएगा और हुआ भी यही। आपने मदीना के हालात को नासाज़गार महसूस किया और अंदेशा हुआ कि यज़ीद की जानिब से ज़बरदस्ती की सूरत में हुकूमत के खुशमादी कारिन्दों और मेरे हामियों के दरमियान जंग की फिज़ा क़ायम हो जाएगी और इस सबब से शहरे रसूल की बेहुर्मती होगी। इसलिये हज़रत इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ ने तेय फरमाया कि वह मदीना से मअ़ अहले ख़ाना रिहलत फरमा कर मक्का मुकर्रमा में इक़ामत फरमाएंगे। रवानगी की तैयारी कर लेने के बाद आप नाना जान के रौज़ए अक़्दस पर सर ख़मीदा हाज़िर हुए। क़रीब आकर सर उठाया और हस्रत भरी निगाहों से गुंबदे ख़ज़रा की ज़ियारत फरमाई और कपकपाते हुए लबों से अर्ज़ कियाः नाना जान! यहां के हुक्मरां अब आपके लाडले बेटे हुसैन को आपके क़दमों में नहीं रहने देते। मेरे आक़ा! आज आपके अहले बैत पर मदीना की ज़मीन तंग कर दी गई है, यह कहते-कहते दीदए ख़ूंबार से अश्के ग़म की बारिश शुरू हो गई। इमामे आली मक़ाम और तमाम अहले बैत ग़मे हिजरत में बेताब होकर रोने लगे। फिर चश्मे पुर-नम के साथ हज़रत इमाम हुसैन ने आक़ा علیہ الصلوۃ والسلام से इजाज़त ली और अहले बैत को साथ लेकर तहफ्फुज़े शहरे रसूल की ख़ातिर मदीना मुनव्वरा से मक्का मुकर्रमा हिजरत फरमा गए। (मुलख़्ख़सन सवानेहे करबला)

मक्का मुकर्रमा में इमाम आली मक़ाम की आमद

हज़रत इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ मक्का मुकर्रमा पहुंच कर शअ़ब अबी तालिब में ठहरे। अहले मक्का और गरदो-नवाह के लोगों को हज़रत इमाम आली मक़ाम رضی اللہ عنہ के आने की इत्तिला मौसूल हुई तो जूक़ दर जूक़ आ आ कर हम-शबीहे मुस्तफा, राकिबे दोशे पैग़म्बर, नवासए रसूल की ज़ियारत से मुशर्रफ हुए।

अहले कूफा के खुतूत व वुफूद

कूफा जिसे हज़रत मौला अली رضی اللہ عنہ ने अपने अहदे ख़िलाफत में दारुल हुकूमत बनाया था, जब वहां वालों को इल्म हुआ कि नवासए रसूल,

देखती हूं कि हज़रत हुसैन رضی اللہ عنہ आपकी गोद मुबारक में हैं और हुज़ूर नबी करीम ﷺ उनकी पेशानी मुबारक को पोंछ रहे हैं और साथ ही रो भी रहे हैं, मैंने अर्ज़ कियाः अल्लाह की क़सम! मुझे उनके अन्दर आने का पता ही न चला। आप ﷺ ने फरमायाः जिब्रील علیہ السلام हमारे साथ अभी घर में मौजूद थे, उन्होंने कहाः आप इस हुसैन से मुहब्बत करते हैं मैंने कहा हां, सारी दुनिया से बढ़ कर इससे मुहब्बत करता हूं। जिब्रील علیہ السلام ने कहाः बेशक आपकी उम्मत इसे ऐसी सर-ज़मीन पर शहीद कर देगी जिसे करबला कहा जाता है। जिब्रील علیہ السلام उस सर-ज़मीन की मिट्टी भी लाए हैं। फिर आप ने वह मिट्टी उन्हें दिखाई।''(अल-मोजमुल कबीर तबरानी)

(3) दैलमी की मुस्नदुल फिरदौस में हज़रत उम्मे सलमा से ही रिवायत है कि हुज़ूर ने फरमाया हुसैन बिन अली को सन 60 हिजरी के इख़्तिताम पर शहीद कर दिया जाएगा, कि जब एक (औबाश) नौजवान उनपर चढ़ाई करेगा। (मुस्नदुल फिरदौस लिद-दैलमी)

(4) अबू नुऐम ने नज्जी हज़रमी से रिवायत की कि वह सफरे सिफ्फीन में हज़रत मौला अली رضی اللہ عنہ के हमराह थे, जब नैनवा के क़रीब पहुंचे जहां हज़रत यूनुस का मज़ारे अक़्दस है तो हज़रत अली मुरतज़ा رضی اللہ عنہ ने निदा की कि ऐ अबू अब्दुल्लाह! फुरात के किनारे ठहरो, मैंने अर्ज़ कियाः किस लिये? फरमायाः नबी करीम ﷺ ने फरमायाः कि जिब्रील علیہ السلام ने मुझे ख़बर दी है कि इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ फुरात के किनारे शहीद किये जाएंगे और मुझे वहां की एक मुश्त मिट्टी दिखाई है।

(अल-मुस्नद लिल-इमाम अहमद बिन हंबल)

(4) अबू नुऐम ने असबग़ बिन नबाता से रिवायत की कि हम हज़रत मौला अली رضی اللہ عنہ के हमराह हज़रत इमाम हुसैन की क़ब्र के मक़ाम पर पहुंचे, हज़रत मौला अली رضی اللہ عنہ ने बयान फरमायाः यहां उन शुहदा के ऊंट बंधेंगे, जवानाने आले मुहम्मद ﷺ इस मैदान में शहीद होंगे, आसमान व ज़मीन उनकी शहादत पर रोएंगे। (दलाइलुन्-नुबुव्वत लि-अबी नुऐम)

अल-ग़रज़ शहादते इमामे हुसैन رضی اللہ عنہ की यह इन्फिरादियत है कि

आपकी विलादत के साथ आपकी शहादत की ख़बर भी आम हो चुकी थी और नबी करीम ﷺ के आंसुओं ने शहादते हुसैन की हक़्क़ानियत पर मोहरे तस्दीक़ सबत कर दी थी।

फिस्क़ो-फुजूर का मुजस्समा यज़ीद

हुज़ूर علیہ الصلوۃ والسلام की यह पेशीन गोई इस तरह पूरी हुई कि 6 रजब 60 हिजरी में हज़रत अमीर मुआविया लक़्वा के मरज़ में मुब्तला होकर रिहलत फरमा गए। उनके बाद यज़ीद बिन मुआविया तख़्त नशीन हुआ और 60 हिजरी के इख़्तिताम और 61 हिजरी के इब्तिदाई दस दिनों में करबला का सानेहा पेश आया।

नंगे ख़ानदान यज़ीद ज़ाती तौर पर फिस्क़ो-फुजूर का पैकर, किब्रो-ग़ुरूर का मुजस्समा, शराब व कबाब का आदी, गाली गलौज और फह्हाशी का ख़ूगर, सौमो-सलात का तारिक, बिदअ़ती बदकार, बदकिरदार, निहायत मोटा, बदनुमा, कसीरुश्-शअ़र, बदख़ुल्क़, तुन्दख़ू, फासिक़ व फाजिर था।

ग़सीलुल मलाइका सैयदना हंज़ला رضی اللہ عنہ के शहबाज़ सिफत साहिबज़ादे हज़रत अब्दुल्लाह बिन हंज़ला رضی اللہ عنہما ने अहले मदीना को यज़ीद पलीद की बदकारी से आगाह करते हुए फरमाते हैंः ऐ मेरी क़ौम! अल्लाह वहदहू से डरो, जिसको कोई शरीक नहीं, अल्लाह की क़सम! हम यज़ीद के ख़िलाफ उस वक़्त उठ खड़े हुए जबकि हमें ख़ौफ हुआ कि कहीं हमपर आसमान से पत्थरों की बारिश न हो जाए, वह ऐसा शख़्स है जो माओं, बेटों और बहनों से निकाह जाइज़ क़रार देता है, शराब नौशी करता है और नमाज़ छोड़ता है। अल्लाह की क़सम! अगर लोगों में से कोई मेरे साथ न हो तब मैं अल्लाह की ख़ातिर इस मामले में शुजाअ़त व बहादुरी के जौहर दिखाउंगा।''

(तारीख़ुल ख़ुलफा)

तारीख़ तबरी के आइने में भी नाफरमान यज़ीद का दाग़दार किरदार मुलाहिज़ा कर लें ''मदीने वालों के वफद ने यज़ीद के पास से वापस आकर

व हुसैन जन्नती नामों में से दो नाम हैं'' (सवाइक़े मुहर्रक़ा) नीज़ इरशाद फरमाया ''हसन व हुसैन जन्नती जवानों के सरदार हैं''। (तिर्मिज़ी)

हज़रत इमामे हसन की तरह सैयदना इमामे हुसैन से भी हुज़ूर ﷺ बेपनाह मुहब्बत फरमाते थे, हुज़ूर आपको गोद में लेते प्यार फरमाते और आपके लुआबे दहन को ऐसा चूसते जैसे आदमी खजूर को चूसता है। आप हुज़ूर के पास आते तो हुज़ूर ﷺ मरहबा फरमाते, फिर आपकी पेशानी को बोसा देते और अपनी गोद में बिठा लेते। अक्सर हुज़ूर ﷺ आपको अपने दोश मुबारक पर सवार फरमा लेते थे, इसीलिये आपको राकिबे दोशे पैग़म्बर कहा जाता है। आपके फज़ाइल व ख़साइस में बेशुमार अहादीस मौजूद हैं, सिर्फ तीन अहादीसे करीमा पढ़ें और रसूलुल्लाह ﷺ की बारगाह में आपके कमाले कुर्ब का अंदाज़ा करें।

(1) हज़रत अबू हुरैरा رضی اللہ عنہ से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ﷺ मस्जिद में तशरीफ लाए और फरमाया कि छोटा बच्चा कहां है? हज़रत इमामे हुसैन दौड़ते हुए आए और हुज़ूर की गोद में बैठ गए और अपनी उंगलियां दाढ़ी मुबारक में दाख़िल कर दीं। हुज़ूर ने उनका मुंह खोल कर बोसा लिया फिर बारगाहे इलाही में यूं अर्ज़ कियाः ''ऐ अल्लाह! मैं इससे मुहब्बत करता हूं तू भी इससे मुहब्बत फरमा, उससे भी मुहब्बत फरमा जो इससे मुहब्बत करे। (नूरुल अबसार)

(2) यअ्ला बिन मुर्रा से रिवायत है कि हुज़ूर ﷺ ने फरमायाः ''हुसैन मुझसे हैं और मैं हुसैन से हूं।'' (तिर्मिज़ी)

(3) हज़रत जाबिर बिन अब्दुल्लाह से रिवायत है कि हुज़ूर ﷺ ने फरमाया ''जिसे पसंद हो किसी जन्नती जवानों के सरदार को देखे तो वह हुसैन इब्ने अली को देखे।'' (नूरुल अबसार)

मुख़्तसर दास्ताने करबला

मुहर्रमुल हराम का चांद नज़र आते ही आलमे इस्लाम सोगवार हो जाता है। सादारे किराम और आले रसूल से मुहब्बत करने वालों की दिल की धड़कनें तेज़ हो जाती हैं। आंखों से बेइख़्तियार अश्कों के धारे फूट पड़ते हैं और नज़रों में वह ख़ूनी मारका गरदिश करने लगता है जो 11

हिजरी में रेगज़ारे करबला पर बरपा हुआ था। और हक़ व बातिल के इस मारके में हक़ के अलमबरदारों ने मज़्हबे इस्लाम की हिफाज़त व सयानत की ख़ातिर अपने ख़ून का नज़्राना पेश करके सब्रो-रज़ा और ज़िब्हो-ईसार की दर्द अंगेज़ नाक़ाबिले फरामोश तारीख़ रक़म की थी।

शहादते हुसैन

और रसूलुल्लाह ﷺ की पेशीन गोई

वाक़िआ करबला तारीख़े इस्लाम का वह ग़ैरा मामूली सानेहा है जिसकी पेशीन गोई हुज़ूर नबी करीम ﷺ ने फरमाई थी। और आक़ा करीम ﷺ ने शहादते इमाम हुसैन के वुकूअ् के साथ यह भी बता दिया था कि यह वाक़िआ किस सन हिजरी में और कहां रूनुमा होगा। हुज़ूरे से सुनकर सहाबए किराम को भी इसके वुकूअ् का इल्म था और हुज़ूर ने अपने अहले बैत और बाज़ सहाबा को तो इस की तफ्सील तक बताई थी। ज़ैल में इस सिलसिले की च्नद अहादीसे करीमा मुलाहिज़ा फरमाएं।

(1) हुज़ूर ﷺ की चची उम्मुल फज़ल बिन्तुल हारिस رضی اللہ عنہا फरमाती हैंः मैंने एक रोज़ हुज़ूरे अक़्दस ﷺ की ख़िदमत में हाज़िर होकर हज़रत इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ को आप की गोद में दिया, क्या देखती हूं कि चश्मे मुबारक से आंसू रवां हैं। मैंने अर्ज़ कियाः या नबीयल्लाह! ﷺ मेरे मां बाप आप पर कुर्बान! यह क्या हाल है? फरमायाः जिब्रील علیہ السلام मेरे पास आए और उन्होंने यह ख़बर फरमाई कि मेरी उम्मत इस फर्ज़न्द को क़त्ल करेगी, मैंने कहाः कि क्या इसको? फरमायाः हां, और मेरे पास इसके मक़्तल की सुर्ख़ मिट्टी भी लाए। (मिश्कातुल मसाबीह)

(2) हज़रत उम्मे सलमा बयान करती हैं कि दिन नबी करीम ﷺ मेरे घर में तशरीफ फरमा थे, आपने फरमायाः अभी मेरे पास कोई न आए। मैंने ध्यान तो रखा, मगर मेरी लाइल्मी में हज़रत इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ हुजरए मुबारक में दाख़िल हो गए। फिर अचानक मैंने रसूलुल्लाह ﷺ की हिचकी बंध कर रोने की आवाज़ सुनी, मैंने हुजरए मुबारका में झांका तो क्या

बकर رضی اللہ عنہ फरमाते हैं कि ''मैंने हुज़ूर को देखा कि आप मिंबर पर रौनक़ अफ्रोज़ हैं और हज़रत हसन आपके पहलू में हैं। आप कभी सहाबा की तरफ तवज्जोह फरमाते हैं और कभी उनकी तरफ और फरमाया कि '' मेरा यह बेटा सरदार है। उम्मीद है कि अल्लाह तआ़ला इसके ज़रिये मुसलमानों के दो गिरोहों के दरमियान मुसालिहात करा देगा।'' (बुख़ारी)

आप हज़रत मौलाए काइनात अली मुरतज़ा رضی اللہ عنہ की शहादत के बाद ख़लीफा हुए और छेः माह तक मंसबे ख़िलाफत पर जलवा अफ्रोज़ रहे, उसके बाद आप ने तीन शरतों पर अम्रे ख़िलाफत हज़रत अमीरे मुआ़विया رضی اللہ عنہ के सपुर्द फरमाया और माहे रबीउल अव्वल 41 हिजरी में ख़िलाफत से दस्तबरदार हो गए। इस तरह हुज़ूर की पेशीन गोई पूरी हुई कि ''अल्लाह तआ़ला मेरे इस शहज़ादे के ज़रिये से मुसलमानों के दो गिरोहों में सुलह करा देगा''। आप खुलफाए राशिदीन में से आख़िरी ख़लीफा हैं। आपके बाद हज़रत अमीर मुआ़विया ने अमारत व बादशाहत की बुनियाद डाली।

हज़रत अली رضی اللہ عنہ के वक़्त में चूंकि कूफा दारुल हुकूमत बनाया गया था इसलिये जब आप ख़लीफा हुए तो कूफा ही में मुक़ीम थे। चुनांचे अम्रे ख़िलाफत से दस्तबरदारी के बाद आप कूफा से मदीना मुनव्वरा वापस तशरीफ ले आए और आठ, नौ साल बक़ैदे हयात रहे। किसी दुशमन अहले बैत ने आपको खाने की किसी चीज़ में ज़हेर मिला कर दिया जिसके असर से आपको मुसलसल क़ै होने लगी, चालीस रोज़ तक इस शदीद परेशानी में मुब्तला रहे, भाई हज़रत इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ के पूछने पर कि ज़हेर किसने दिया? आपने फरमाया कि मेरा गुमान जिसकी तरफ है अगर हक़ीक़त में उसी ने ज़हेर दिया है तो अल्लाह तआ़ला की गिरफ्त से वह बचेगा नहीं, अल्लाह तआ़ला की गिरफ्त बहुत सख़्त है और अगर वह नहीं तो मैं नहीं चाहता कि मेरे सबब से कोई बेगुनाह मुब्तलाए मुसीबत हो, लिहाज़ा आपने किसी का नाम ज़ाहिर नहीं फरमाया। बिल-आख़िर 45 साल 6 माह, चन्द रोज़ की उम्र पा कर रबीउल अव्वल 49 हिजरी में नवासए रसूल, जिगर गोशए बतूल हज़रत इमामे हसन علی جدہ علیہ السلام ने इस दारे फानी को अल-विदा कहा। हज़रत इमामे हुसैन ने बड़े भाई का जनाज़ा पढ़ाया और जन्नतुल

बक़ी में हज़रत वालिदा मख़्दूमा के पहलू में नमनाक आंखों के साथ सपुर्दे ख़ाक किया।

तंबीहः अवाम और बाज़ अहले इम्ल में यह बात मशहूर है कि हज़रत इमाम को ज़हेर उनकी बीवी ने दिया था लेकिन यह बात बेसनद है जो लायक़े एतिबार नहीं। सदरुल अफाज़िल हज़रत मौलाना सैयद नईमुद्दीन साहब ख़लीफा आला हज़रत फाज़िल बरैलवी علیہما الرحمۃ तहरीर फरमाते हैं ''मोवर्रिख़नी ने ज़हेर खुरानी के निस्बत जोअ्दा बिन्ते अशअ़स इब्ने क़ैस की तरफ की है और उसको हज़रत इमाम की ज़ौजा बताया है और यह भी कहा है कि यह ज़हेर खुरानी बाग़वाए यज़ीद हुई है और यज़ीद ने उससे निकाह का वादा किया था, इस तमा में आकर उसने हज़रत इमाम को ज़हेर दिया लेकिन इस रिवायत की कोई सनद सही दस्तयाब नहीं हुई और बग़ैर किसी सनदे सही के किसी मुसलमान पर क़त्ल का इल्ज़ाम और ऐसे अज़ीमुश्शान क़त्ल का इल्ज़ाम किस तरह जाइज़ हो सकता है।'' (सवानेह करबला)

शहीदे आज़म हज़रत सैयदना इमामे हुसैन رضی اللہ عنہ

आप का नामः हुसैन, कुन्नियः अबू अब्दुल्लाह, और लक़ब सब्ते रसूल, रैहानतुर रसूल और शहीदे करबला है। आपकी विलादत बासआ़दत 5 शाबान 4 हिजरी को शहरे रसूल मदीना मुनव्वरा में हुई। आप हज़रत फातिमा ज़हरा के मंझले साहिबज़ादे हैं और इमामे हसन से क़रीब साल भर छोटे थे। आक़ा अलैहिस्सलाम को जब आपकी विलादत की ख़बर दी गई तो काशानए फातिमा में तशरीफ लाए और गोद में लेकर प्यार फरमाया, कान में अज़ान दी, मुंह में लुआबे दहन डाला और आपके लिये दुआ़ए ख़ैर फरमाई। फिर सात्वें रोज़ आप का नाम हुसैन तजवीज़ फरमाया और अक़ीक़ा किया और हुक्म हुआ कि बाल बराबर चांदी वज़न करके सदक़ा कर दी जाए। (सवानेह करबला)

आपका नामे नामी भी जन्नती है और आप भी अपने बुज़ुर्ग भाई की तरह नौजवानाने जन्नत के सरदार हैं। नबी करीम صلی اللہ علیہ وآلہ وسلم ने फरमाया ''हसन

बच्चे की विलादत होती तो बस एक घड़ी बाद निफास से पाक हो जातीं। यहां तक उनकी नमाज़ क़ज़ा नहीं होती। इसीलिये आपको ''ज़हरा'' कहा जाता है। (खुसाइसुल कुबरा)

आप बरोज़े क़ियामत इस शान से पुलसिरात से गुज़रेंगी कि एक निदा करने वाला बातिने अर्श से निदा करेगाः ऐ मेहशर वालो! अपने सरों को झुका लो और अपनी आंखों को बन्द कर लो ताकि फातिमा बिन्ते मुहम्मद ﷺ पुलसिरात से गुज़र जाएं। फिर आप 70 हज़ार औरतों के झुर्मुट में बिजली कोन्दने के मानिन्द पुलसिरात से गुज़र जायेंगी। (अश्शरफुल मोअब्बद)

हज़रत आइशा رضی اللہ عنہا फरमाती हैं कि मैंने रसूलुल्लाह ﷺ के साथ किसी को फातिमा رضی اللہ عنہا बढ़ कर किसी को मुशाबह नहीं पाया और हज़रत फातिमा जब भी ख़िदमते अक़्दस में हाज़िर होतीं तो प्यारे आक़ा ﷺ का मामूल था कि खुश हो जाते और खड़े होकर आपका इस्तिक़्बाल करते, आपका हाथ पकड़ कर उसे बोसा देते और आपको अपनी जगह पर बिठाते थे। (अल-मुस्तदरक लिन्नसाई)

हज़रत सैयदा ख़ातून जन्नत के फज़ाइल व मनाक़िब में बकस्रत अहादीस करीमा मौजूद हैं जिनकी इस मुख़्तसर से मज़मून में गुजाइश नहीं है।

आपाकी छेः औलादें, तीन शहज़ादेः (1) हज़रत हसन (2) हज़रत हुसैन (3) हज़रत मोहसिन और तीन शाहज़ादियांः (1) हज़रत उम्मे कुलसूम (2) हज़रत ज़ैनब (3) हज़रत रुक़ैया। हज़रत मोहसिन और हज़रत रुक़ैया बचपन में ही इन्तिक़ाल कर गए थे।

हुज़ूर सैयद आलम ﷺ के विसाल फरमाने का हज़रत ख़ातूने जन्नत को ऐसा सख़्त सदमा हुआ कि उसके बाद कभी आप हंसती हुई नहीं देखी गईं यहां तक कि 6 माह बाद रमज़ानुल मुबारक 11 हिजरी में मंगल की रात आप ने दाइये अजल को लब्बैक कहा और अपने मालिके हक़ीक़ी के जवारे रहमत में पहुंच गईं। आपकी वसीयत के मुताबिक़ रात के वक़्त पर्दा के खुसूसी एहतिमाम के साथ आपका जनाज़ा निकाला गया। हज़रत अली या हज़रत अब्बास ने नमाज़े जनाज़ा पढ़ाई और जन्नतुल बक़ी में मदफून हुईं।

सैयदा ज़ाहिरा तैयाबा ताहिरा
जाने अहमद की राहत पे लाखों सलाम

हज़रत इमामे हसन رضی اللہ عنہ

आपका नामः हसन और कुन्नियतः अबू मुहम्मद और लक़बः तक़ी सब्ते रसूल, सब्ते अक्बर रैहानतुर रसूल और आख़िरुल खुलाफा बिन्नस है। आप सैयदुल मुरसलीम ﷺ के बड़े और प्यारे नवासे, मौलाए काइनात अलीयुल मुरतज़ा और हज़रत ख़ातूने जन्नत सैयदा फातिमा ज़हरा के बड़े साहिबज़ादे और हज़रत इमामे हुसैन के बिरादरे अक्बर थे। आपकी विलादते तैयबा 15 रमज़ानुल मुबारक 3 हिजरी मदीना मुनव्वरा में हुई। नबी करीम ﷺ ने दाहिने कान में अज़ान और बायें में तक्बीर कही। हुज़ूर ने आपका नाम हसन रखा। आपसे पहले हसन किसी का नाम न रखा गया था। यह जन्नती नाम पहले आपको अता हुआ। सात्वें रोज़ आपका अक़ीक़ा हुआ और बाल जुदा किये गए और हुक्म हुआ कि बालों के वज़न के बराबर चांदी सदक़ा की जाए। (तारीखुल खुलफा)

आप हुज़ूर से बहुत ज़्याद मुशाबह थे। हुज़ूर ﷺ आपसे बेपनाह मुहब्बत फरमाया करते थे। हज़रत अब्दुल्लाह इब्ने ज़ुबैर से रिवायत है कि नबी करीम ﷺ के अहले बैत में हुज़ूर के साथ सबसे ज़्याद मुशाबह और हुज़ूर को सबसे प्यारे हज़रत इमामे हसन رضی اللہ عنہ थे, मैंने देखा हुज़ूर तो सज्दे में होते और यह वाला शान साहिबज़ादे आपकी गर्दने मुबारक या पुश्ते अक़दस बैठ जाते तो जब तक यह उतर न जाते आप सरे मुबारक न उठाते और मैंने देखा हुज़ूर को रुकूअ् में होते तो उनके लिये अपने क़दमैन ताहिरैन को इतना कुशादा फरमा देते कि यह निकल जाते। (अश्शरफुल मोअब्बद)

आपने पा-प्यादा 25 हज किये जबकि आला क़िसम के ऊंट आपके हमराह होते थे। आप जन्नती जवानों के सरदार और नूरे नज़र मुस्तफा थे। बड़े मुतवाज़ेअ्, मुन्कसिरुल मिज़ाज और हलीम व बुर्दबार थे। हज़रत अबू

ग़ज़वात में आपने शिरकत फरमाई और उन तमाम में आपने शुजाअ़त व जवांमर्दी का ख़ूब-ख़ूब मुज़ाहरा फरमाया। ग़ज़वए तबूक के मौक़े पर हुज़ूर ﷺ ने आपको मदीना मुनव्वरा पर ख़लीफा बनाया और इरशाद फरमाया किः तुम्हें हमारी बारगाह में वह मर्तबा हासिल है जो हज़रत मूसा की बारगाह में हज़रत हारून को हासिल था''। आपको फातिहे ख़ैबर और ख़ैबरे शिकन के लक़ब से भी याद किया जाता है। इसकी वजह यह है कि ग़ज़वए ख़ैबर के मौक़ा पर सैयदे आलम ﷺ ने उन्हें इस्लामी झंडा अता फरमा कर फतहे ख़ैबर की बशारत दी थी। हज़रत जाबिर बिन अब्दुल्ला से रिवायत है कि '' उस रोज़ आपने ख़ैबर का दरवाज़ा अपनी पीठ पर उठा लिया और उसपर मुसलमानों ने चढ़ कर क़िला को फतल कर लिया था, इसके बाद आपने वह दरवाज़ा फेंक दिया, जब लोगों ने उसे घसीट कर दूसरी जगह डालना चाहा तो चालीस आदमियों से कम उसे उठा न सके'' हुज़ूर ने आपको नवाज़ते हुए फरमाया ''मैं इल्म का शहर हूं और अली उसके दरवाज़ा हैं'' इसी वजह से आपको ''बाबुल इल्म'' भी कहते हैं। हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसऊद رضی اللہ عنہ से रिवायत है कि हुज़ूर ने फरमाया 'अली मुरतज़ा को देखना इबादत है''। (तारीख़ुल ख़ुलफा)

वक़्ते हिज्रत हुज़ूर ﷺ ने आपको अपना अमीन बना कर मुक्का में छोड़ा और क़ुरैश की अमानतें देकर फरमाया कि इसे फुलां-फुलां लोगों को सपुर्द करके मदीना हिज्रत कर आना। चुनांचे आप, हुज़ूरे अक़दस ﷺ के हिज्रत फरमाने के बाद 3 रोज़ तक मक्का में मुक़ीम रहे। और मुअ़य्यन अफरादे क़ुरैश को उनकी अमानत सपुर्द करके तीसरे रोज़ मदीना की तरफ हिज्रत फरमाई, इस दौरान आपको मुताबिक़ हुक्मे रसूल बिस्तरे नुबुव्वत पर रसूलुल्लाह ﷺ की सब्ज़ चादरे मुबारक ओढ़ कर सोने का शर्फ भी हासिल हुआ।

(सीरते मुस्तफा)

आप से नबी करीम ﷺ की 186 अहादीसे करीमा मरवी हैं और आपके फज़ाइल व मनाक़िब में बकस्रत अहादीसे करीमा हैं। मुहद्दिसीन फरमाते हैं कि जितनी अहादीस हज़रत अली के फज़ाइल में वारिद हैं किसी

और की फज़ीलत में नहीं आईं।

आप ख़लीफए सोम हज़रत उसमाने ग़नी رضی اللہ عنہ के बाद अमीरुल मोमिनीन और ख़लीफतुल मुस्लिमीन हुए। मदीना मुनव्वरा में मौजूद तमाम सहाबा ने आपके दस्ते हक़परस्त पर बैअ़त की। चार साल 8 माह या 9 माह और 9 दिन मस्नदे ख़िलाफत पर रौनक़ अफ़रोज़ रहे। माहे रमज़ान में बवक़्ते फज्र आप नमाज़ के लिये तशरीफ ले जा रहे थे कि अचानक से बदबख़्त इब्ने मुल्जिम ने आप पर शदीद वार किया जिससे आप लहू लुहान हो गए और 21 रमज़ानुल मुबारक की शबे यक शंबा (इतवार) 40 हिजरी में जामे शहादत नोश फरमा कर दाइये अजल का लब्बैक कहा। *इन्ना लिल्लाहि व इन्ना इलैहि राजिऊन।*

ख़ातूने जन्नत हज़रत फातिमा ज़हरा رضی اللہ عنہا

आपका नामे पाक फातिमा और लक़्बे मुबारक ज़हरा, बतूल, सैयदतु निसाइल आलमीन है। आपकी विलादते तैयबा के सिलसिले में दर्जेज़ैल तीन अक़्वाल हैं, अव्वलः हुज़ूर की उम्र शरीफ के 41वीं साल आपकी विलादत हुई। दोमः ऐलाने नुबुव्वत से एक साल क़ब्ल विलादत हुई। सोमः ऐलाने नुबुव्वत से पांच साल क़ब्ल आपकी विलादत हुई। (सीरते मुस्तफा)

आप हुज़ूर ﷺ की सबसे छोटी और सबसे लाडली बेटी थीं। आपका निकाह 18 साल और एक क़ौल के मुताबिक़ साढ़े पंद्रह साल की उम्र शरीफ में हिज्रत के दूसरे साल हज़रत मौला अली رضی اللہ عنہ से हुआ। आपका महेर जिसपर अक़्दे मसनून हुआ चार सौ मिस्क़ाल चांदी थी। आपसे प्यारे आक़ा ﷺ का नसब जारी हुआ। आप नौजवानाने जन्नत के सरदार हसनैन करीमैन की वालिदा मख़्दूमा और ख़ुद तमाम जहान की औरतों की और जन्नत में भी तमाम ख़्वातीन की सरदार हैं। आप हुस्नो-जमाल और तहारत व पाकीज़गी में वालिद माजिद मुस्ताफा जाने रहमत ﷺ की पर-तौ थीं। नबी करीम ﷺ का इरशाद है ''मेरी बेटी फातिमा इंसानी हूर है, इसे कभी हैज़ नहीं आता'' (अश्शरफुल मोअब्बद) अल्लाह तआ़ला ने आपको हैज़ से पाक रखा था, आपको कभी हैज़ नहीं आया। और जब आपके यहां

पहाड़ हटा देने की दुआ कर दें तो अल्लाह तआला पहाड़ को जगह से हटा दे। इनसे मुबाहला न करना वरना हलाक हो जाओगे और क़ियामत तक रूए ज़मीन पर कोई नसरानी बाक़ी न रहेगा। यह सुन कर नसरानियों ने हुज़ूर से अर्ज़ कियाः कि मुबाहले की तो हमारी राय नहीं है, आख़िर कार उन्होंने जिज़्या देना मनज़ूर किया मगर मुबाहला के लिये तैयार न हुए।

हुज़ूर ﷺ ने फरमाया कि उसकी क़सम जिसके दस्ते क़ुद्रत में मेरी जान है नजरान वालों पर अज़ाब क़रीब ही आ चुका था अगर वह मुबाहला करते तो बन्दरों और सुवरों की सूरत में मस्ख़ कर दिये जाते और जंगल आग से भड़क उठता और नजरान और वहां के रहने वाले परिन्द तक नेस्तो-नाबूद हो जाते और एक साल के अरसे में तमाम नसारा हलाक हो जाते।

(ख़ज़ाइनुल इरफान, पेजः84)

इस क़ुरआनी वाक़िआ में आप ग़ौर फरमाएं कि फरमाने इलाही के मुताबिक़ नजरान के ईसाइयों से यह तेय हुआ कि तुम अपने बेटों को लेकर आओ और हम अपने बेटों को। तुम अपनी औरतों को लेकर आओ और हम अपनी औरतों को और तुम खुद भी आओ और हम भी आएं। इस मौक़ा पर सैयदे ﷺ ने तमाम जमाअ़ते सहाबा से जिन मुक़द्दस हस्तियों का इंतिख़ाब फरमाया वह हज़रत अली, हज़रत फातिमा, हज़रत हसन, हज़रत हुसैन علی جدہم وعلیہم السلام हैं, जिससे अंदाज़ा होता है कि रब्बे क़दीर की बारगाह में यह हज़रात किस क़द्र मक़बूल व महबूब हैं। ज़ैल में इन मुक़द्दस और बरगुज़ीदा हस्तियों का इज्माली तआरुफ हदियए क़ारिईन है।

हज़रत अलीयुल मुरतज़ा رضی اللہ عنہ

आपका नामः अली, कुन्नियः अबुल हसन और अबू तुराब है। आपको अपने लिये ''अबू तुराब'' सुनना बहुत पसंद था, इस पसंदीदगी का सबब यह था कि यह कुन्नियत आक़ा ﷺ ने इनायत फरमाई थी। तारीख़ुल खुलफा में है कि ''एक रोज़ आप मस्जिद शरीफ की दीवार के पास लेटे हुए थे, पुश्ते मुबारक का मिट्टी लग गई थी, हुज़ूरे अक़्दस ﷺ आपके पास

तशरीफ लाए और आपकी पुश्ते मुबारक से मिट्टी झाड़ कर (लाड करते हुए) फरमाया ''इज्लिस अबा तुराब'' ऐ अबू तुराब उठो। उसी रोज़ से आप अबू तुराब कहे जाने लगे और आपको यह नाम हरदिल अज़ीज़ हो गया।

आपका लक़ब असदुल्लाह, फातिहे ख़ैबर और हैदरे कर्रार है। आपके वालिद नबी करीम ﷺ के चचा अबू तालिब बिन अब्दुल मुत्तलिब हैं और वालिद मख़्दूमा फातिमा बिन्ते असद बिन हाशिम हैं और यह वह पहली हाशमी ख़ातून हैं जिन्होंने इस्लाम क़बूल किया और हिज्रत फरमाई।

आपकी विलादत 30 आम्मुल फील में हुई। ऐलाने नुबुव्वत से क़ब्ल हुज़ूर ﷺ ने आपको अपनी किफालत में लेकर परवरिश फरमाई। आप नौ उम्रों में सबसे पहले ईमान लाए। ईमान लाने के वक़्त आपकी उम्र क्या थी, इसमें चन्द अक़्वाल हैं, एक क़ौल के मुताबिक़ आपकी उम्र 15 साल, एक के मुताबिक़ 16 साल, एक के मुताबिक़ 8 साल और एक के मुताबिक़ 10 साल थी। बहरहाल इस बात पर सब का इत्तिफाक़ है कि बुलूग़त के क़रीबा आप ईमान लाए। आप, हुज़ूर ﷺ के चचाज़ाद भाई हैं, नीज़ हिज्रत के बाद मदीने में जब नबीए करीम ﷺ मुहाजिरीन व अंसार में अहदे मुवाख़ात (यानी एक मुहाजिर सहाबी और एक अंसारी सहाबी के दरमियान भाई चारा) क़ायम कर रहे थे, इस मौक़ा पर आपको हुज़ूर ने इज़्ज़ते मुवाख़ात से मुशर्रफ किया और फरमायाः انت اخی فی الدنیا والآخرۃ ऐ अली! तुम दुनिया और आख़िरत दोनों में मेरे भाई हो। आपका अक़्दे निकाह रसूलुल्लाह ﷺ ने अपनी प्यारी शहज़ादी सैयदा निसाउल आलमीन ख़ातूने जन्नत हज़रत फातिमा ज़हरा رضی اللہ عنہا से फरमाया।

आप वह अज़ीमुश्शान सहाबी हैं कि जिनके हक़ में सूरए हज की आयतः19, सूरए मुजादला की आयतः12, सूरए तौबा की आयतः19, सूरए दहर की आयतः7,8,9, सूरए बक़रा आयतः274, सूरए अअ्राफ की आयतः43, सूरए सज्दा की आयतः18, सूरए मरियम की आयतः96, सूरए रअ़द की आयतः7, सूरए माइदा आयतः87 और इसी सूरए माइदा की आयतः55 वग़ैरा आयात नाज़िल हुईं। आप अशरए मुबश्शरा से हैं जिनके लिये जन्नत का वादा किया गया है। गज़वए तबूक के अलावा तमाम

शाने पंजतन पाक

आक़ा व मौला हज़रत मुहम्मद मुस्तफा अरवाहुना फिदाहु ﷺ की प्यारी और छोटी साहिब्ज़ादी ख़ातूने जन्नत हज़रत फातिमा ज़हरा, दामाद मौलाए काइनात शेरे ख़ुदा हज़रत अलीयुल मुरतज़ा, दो निवासे इमामुल हिल्म हज़रत हसन मुज्तबा और शहीदे करबला हज़रत इमामे हुसैन अली जद्दहुम علیہم السلام हैं इन्हीं पांच मुक़द्दस हज़रात को सवादे आज़म अहले सुन्नत व जमाअ़त ''पंजतन पाक'' से याद करते हैं। क़ुरआन मजीद फ़ुरक़ाने हमीद में ''पंजतन पाक'' के फज़ाइल व कमालात का इज़हार मुतअ़ददद मक़ाम पर किया गया है। ज़ैल में सिर्फ एक आयत का तर्जमा और शाने नुज़ूल मुलाहिज़ा फरमाए जिससे बारगाहे इलामी में इन ज़वाते क़ुदसिया की महबूबियत व मक़बूलियत का अंदाज़ा होगा।

सूरए आले इमरान पाराः3 आयतः61, में अल्लाह तबारक व तआ़ला का इरशाद हैः

तर्जमाः फिर ऐ महबूब! जो तुमसे ईसा के बारे में हुज्जत करें बाद इसके कि तुम्हें इल्म आ चुका तो उनसे फरमा दोः आओ बुलाएं अपने बेटे और तुम्हारे बेटे और अपनी औरतें और तुम्हारी औरतें और अपनी जानें और तुम्हारी जाने फिर मुबाहला करें तो झूठों पर अल्लाह की लअ़नत डालें।

(तर्जमा कंज़ुल ईमान)

शाने नुज़ूल

इस आयते करीमा के नाज़िल होने का सबब यह है कि नजरान के नसारा का एक वफद सैयदे आलम ﷺ की ख़िदमत में आया और वह लोग हुज़ूर ﷺ से कहने लगे कि आप गुमान करते हैं कि हज़रत ईसा अल्लाह के बन्दे हैं? आप ﷺ ने फरमायाः हां अल्लाह के बन्दे और उसके रसूल और उसके कलिमे जो कुंवारी पाक मरियम की तरफ इल्क़ा किये गए। नसारा यह सुनकर बहुत गुस्से में आए और कहने लगेः ऐ मुहम्मद (ﷺ) क्या तुमने कभी बेबाप का इंसान देखा है? इससे उनका मतलब यह था कि वह ख़ुदा के बेटा हैं। (मआ़ज़ल्लाह)

सैयदे आलम ﷺ ने उनके जवाब में फरमाया कि हज़रत ईसा علیہ السلام तो सिफ बग़ैर बाप ही के पैदा किये गए हैं और आदम علیہ السلام तो मां और बाप दोनों के बग़ैर मिट्टी से पैदा किये गए, तो जब तुम उन्हें अल्लाह का मख़्लूक़ और बन्दा मानते हो तो हज़रत ईसा علیہ السلام को अल्लाह का मख़्लूक़ और बन्दा मानने में क्या तअ़ज्जुब है।

सैयद आलम ﷺ ने इस वाज़ेह दलील के साथ हक़ को बयान फरमाया इसके बावजूद नसारा बराबर झगड़ते रहे तो अल्लाह तआ़ला ने मज़कूरा आयत करीमा नाज़िल फरमाई और हुक्म फरमाया कि ऐ महबूब! नसारा (ईसाइयों) को मुबाहला की दावत दो।

(मुबाहला कहते हैं कि दो मद्दे मुक़ाबिल आपस में यूं दुआ़ करें कि अगर तुम हक़ पर और मैं बातिल पर हूं तो अल्लाह मुझे हलाक करे और अगर मैं हक़ पर और तुम बातिल पर हो तो अल्लाह तआ़ला तुझे हलाक करे, फिर यही बात दूसरा फरीक़ भी कहे)

चुनांचे आक़ा علیہ الصلوۃ والسلام ने मज़कूरा आयत पढ़ कर सुनाई और मुबाहला की दावत दी तो नसरानी कहने लगे कि हम ग़ौर और मशवरा कर लें, कल आपका जवाब देंगे। अब नसारा अपनी महफिल में जमा हुए तो उन्हों ने अपने सबसे बड़े आलिम और साहिबे राय शख़्स आक़िब से कहा कि ऐ अब्दुल मसीह इस सिलसिले में आपकी क्या राय है? उसने कहाः ऐ जमाअ़त नसारा! तुम पहचान चुके हो कि मुहम्मद नबीए मुरसल तो ज़रूर हैं, अगर तुमने उनसे मुबाहला किया तो सब हलाक हो जुओगे। अब अगर नसरानियत पर क़ायम रहना चाहते हो तो उन्हें छोड़ो और घर को लौट चलो। यह मशवरा होने के बाद वह रसूलुल्लाह ﷺ की ख़िदमत में हाज़िर हुए तो उन्होंने देखा कि ''सैयद आलम ﷺ की गोद में इमामे हुसैन رضی اللہ عنہ हैं और दस्ते मुबारक में हज़रत हसन رضی اللہ عنہ का हाथ और फातिमा رضی اللہ عنہا और हज़रत رضی اللہ عنہ हुज़ूर के पीछे हैं और हुज़ूर ﷺ इन सबसे फरमा रहे हैं कि जब मैं दुआ़ करूं तो तुम सब आमीन कहना।''

नजरान के सबसे आलिम ने जब इन हज़रात को देखा तो कहने लगाः ऐ जमाअते नसारा! मैं ऐसे चेहरे देख रहा हूं कि अगर यह लोग अल्लाह से

फेहरिस्त मज़ामीन

इंतिसाब

अर्ज़े हाल

शाने पंजतन पाक

हज़रत अलीयुल मुरतज़ رضی اللہ عنہ

हज़रत फातिमा ज़हरा رضی اللہ عنہا

हज़रत इमाम हसन رضی اللہ عنہ

नोट

हज़रत इमाम हुसैन رضی اللہ عنہ

मुख़्तसर दास्ताने करबला

शहादते हमाम हुसैन رضی اللہ عنہ और रसूलुल्लाह ﷺ की पेशीन-गोई

फिस्क़ो-फुजूर का मुजस्समा यज़ीद

यज़ीद की बैअ़त का मुतालिबा और इमाम का इनकार

मदीना मुनव्वरा से हिजरत

मक्का मुकर्रमा में इमाम हुसैन की आमद

अहले कूफा के खुतूम व वुफूद

कूफा तशरीफ ले जाने का फैसला और अहबाब का मशवरा

इमामे मुस्लिम की कूफा आमद

यज़ीद को कूफा के हालात की ख़बर

इब्ने ज़ियाद का कूफा आकर फसाद मचाना

2 मुहर्रम को अहले बैत का क़ाफिला करबाल में

हज़रत इमाम हुसैन मअ़ अहलो-अ़याल कूफा रवाना

यज़ीदी फौज लेकर अम्र बिन सअ़द का करबला आना

7 मुहर्रम को अहले बैत पर पानी बंद

इमाम हुसैन को आक़ा علیہ السلام की ज़ियारत

शबे आ़शूरा इमाम हुसैन का खुत्बा और अहले बैत की इबादत

दस मुहर्रम का क़ियामत नुमा दिन

आग़ाज़े जंग से क़ब्ल मैदाने करबला में इमाम से करामत का ज़ुहूर

हज़रते हुर की तौबा

औलादे अक़ील की शहादत

औलादे अली की शहादत

हज़रत इमामे अली अकबर की शहादत

हज़रत इमाम क़ासिम बिन हसन की शहादत

हज़रत औन व मुहम्मद की शहादत

हज़रत अब्बास अलमदार की शहादत

हज़रत अली असग़र की शहादत

हज़रत इमाम हुसैन अली जद्दहू علیہ السلام की शहादत

शहादत के बाद यज़ीदियों की बदबख़्ती

शरफे इंतिसाब

सैयदुश्शुहदा इमामे आली मक़ाम सैयदना हज़रत इमाम हुसैन, अहले बैते अत्हार और जुम्ला शहीदाने करबला رضوان اللہ تعالیٰ علیہم اجمعین के हुज़ूर नज़्रानए अक़ीदत। जो कुछ उम्मीद है मुझको तो आप ही से है पनाहे आजिज़ व बेचारगां सलाम अलैक।

ख़ादिम खुद्दामे अहले बैत सैयद शहबाज़ असदक़ चिश्ती

3 ज़िल्हिज्जा 1437

अपील

दास्ताने करबला अपने अन्दर सब्रो-रज़ा, ज़िब्हो-ईसा और एहक़ाक़े हक़ और इब्ताले बातिल का पैग़ाम लिये हुए है। ज़रूरत इस बात की है कि दास्ताने करबला को आम फहम, आसान अंदाज़ में बयान किया जाए ताकि कम वक़्तों में अवाम वाक़िआ़त करबला जान कर उसके पैग़ामात को अमली जामा पहनाने की अमली सई करें। इसी मक़्सद के पेशे नज़र यह किताब्चा उर्दू, हिन्दी हर दो ज़बान में शाए किया जा रहा है। इसमें इख़्तिसार का ख़ास ख़्याल रखा गया है। इन्शाअल्लाह, उर्दू, हिन्दी हर दो तब्क़े के अहबाब के लिये यह किताब्चा मुफीद साबित होगा। अहले इम्ल अगर कहीं कोई ख़ामी पाएं तो अज़ राहे करम मुत्तला फरमाएं। अल्लाह तबारक व तआ़ला अहले बैत से इज़हारे अक़ीदत व मुहब्बत और इस हक़ीर सी ख़िदमत को मेरे और मेरे वालिदैन करीमैन और जुम्ला मुआ़विनीन के लिये ज़रियए नजात बना दे।

खुदाया बहक़्क़े बनी फातिमा
कि बर क़ौले ईमां कुनी ख़ातिमा
अगर दअ़्वतम् रद कुनी या क़बूल
मनो दस्ते-दामाने आले रसूल

असदक़ चिश्ती

بسم الله الرحمن الرحيم

मुख़्तसर दास्ताने करबला

मुरत्तिबः

मुफ़्ती सैयद शहबाज़ असदक़ चिश्ती
ख़तीब व इमाम
जामा मस्जिद बड़बल, ज़िला केवनझर, उड़ीसा, अल-हिन्द

मिलने का पतेः

जामा मस्जिद, अंजुमन इस्लामिया, बड़बल, ज़िला केवनझर, उड़ीसा,
ख़ानक़ाहे ग़ौसिया असदक़िया, मोहल्ला शेर गंज, पोस्ट सेहसराम,
ज़िला रोहतास, बिहार, अल-हिन्द

जुमला हुकूक़ बहक़्क़े मुरित्तब महफ़ूज़

नाम किताब : मुख़्तसर दास्ताने करबला

मुरत्तिब : मुफ़्ती सैयद शहबाज़ असदक़ चिश्ती

देवनागरीलिप्यांतर : नाइबुल हक़ सिद्दीक़ी सणडीलवी

तबाअ़त : 1438 हि0.... 2017

सफ़हात : 48

तादाद : 1000

क़ीमत :

नाशिर :

मिलने के पतेः

☆ जामा मस्जिद, अंजुमन इस्लामिया, बड़बल,
ज़िला केवनझर, उड़ीसा, भारत

☆ ख़ानक़ाहे ग़ौसिया असदक़िया, मोहल्ला शेर गंज,
पोस्ट सेहसराम, ज़िला रोहतास, बिहार, अल-हिन्द
पिन नं0 821115